## कार्यपत्र–20

**1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों से कीजिए।**

(क) महाराणा प्रताप ने मुगल सेना का ______________। (iv) काम तमाम करना ✓

(ख) पिता के निधन के बाद मुकेश के परिवार पर दुखों का ______________।
(ii) पहाड़ टूट पड़ना ✓

(ग) परिश्रमी व्यक्ति चाहे तो ______________ है। (iii) आसमान के तारे तोड़ना ✓

(घ) चोर पुलिस को देखकर ______________ गया। (iv) नौ–दो ग्यारह होना ✓

(ङ) उसकी पुरानी आदत है दूसरों के काम में ______________ की। (ii) टाँग अड़ाना ✓

**2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) वे वाक्यांश जो शाब्दिक अर्थ के बजाए विशेष अर्थ प्रकट करते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।
जैसे– आसमान सिर पर उठाना।

(ख) लोक में प्रचलित उक्ति या कथन लोकोक्ति कहलाते हैं। लोकोक्ति विशेष अर्थ में प्रयोग की जाती है।

(ग) मुहावरों का स्वरूप काल, वचन और पुरुष के अनुसार परिवर्तित हो जाता है जबकि लोकोक्ति के रूप में कोई बदलाव नहीं आता। मुहावरे स्वतंत्र रूप में प्रयोग नहीं होते। इन्हें वाक्य के साथ प्रयोग किया जाता है जबकि लोकोक्ति का प्रयोग स्वतंत्र रूप में होता है।

**3. दी गई लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | अधजल गगरी छलकत जाए | ज्ञान कम और दिखावा अधिक |
| (ख) | अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग | भिन्न-भिन्न मत होना |
| (ग) | एक अनार सौ बीमार | वस्तु एक और पाने वाले अनेक |
| (घ) | तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर | सामर्थ्य के अनुसार खर्च करना चाहिए। |
| (ङ) | घर का भेदी लंका ढाए | आपस की फूट से हानि होती है। |
| (च) | आम के आम गुठलियों के दाम | दोगुना लाभ |
| (छ) | अंधों में काना राजा | मूर्खों में कम बुद्धि वाले को बुद्धिमान माना जाता है। |

**4. दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

(क) पत्थर की लकीर — पक्की बात
दिनेश अपने वादे का पक्का है क्योंकि उसकी हर बात पत्थर की लकीर होती है।

(ख) आस्तीन का साँप — कपटी मित्र
अमित पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वह तो आस्तीन का साँप है।

(ग) राई का पहाड़ बनाना — किसी बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना
हमें कभी भी बात को राई का पहाड़ बनाकर रिश्ते नहीं बिगाड़ने चाहिए।

(घ) आँख फेर लेना — बदल जाना
आजकल बुरा समय आने पर अपने भी आँखें फेर लेते हैं।

(ङ) ईद का चाँद होना — बहुत दिनों बाद दिखाई देना

आजकल हमारा मित्र रमेश ईद का चाँद हो गया है।

(च) कलेजा ठंडा होना — संतोष हो जाना

बेटे के घर वापस आने पर माँ का कलेजा ठंडा हो गया।

(छ) दाँतों तले उँगली दबाना — आश्चर्य होना

ताजमहल की सुंदरता देखकर लोग दाँतों तले उँगली दबा लेते हैं।